CNEWS सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-299
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

सफलता तुम्हारा परिचय दुनिया से करवाती है और असफलता तुम्हें दुनिया का परिचय करवाती है।

बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, सोमवार 03 फरवरी 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

जीतन राम मांझी ने की 20 सीटों की मांग

बोले- हम चुपचाप कोने में नहीं खड़े रहेंगे

जहानाबाद, बिहार में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इस बीच केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के एक बयान ने फिर से चुनावी चर्चाओं को तेज कर दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में 20 से अधिक सीट की मांग करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने पत्रकारों से बातचीत में ये बात कही। बता दें कि वह अपनी पार्टी के एक समारोह को संबोधित करने यहां आए थे।

20 से अधिक सीट की आवश्यकता वहीं जीतन राम मांझी ने चार विधायकों वाली अपनी पार्टी हम के बारे में कहा, ''वे हम के ढांचे को मजबूत कर रहे हैं, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी मदद मिलेगी।'' वहीं हम के एकमात्र सांसद मांझी ने हाल के उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''हमें चुनाव में 20 से अधिक सीट की आवश्यकता है। हम एक परिवार हैं। अगर हमारे हिस्से में चार रोटियां हैं और हमें सिर्फ एक दी जाती है, तो हम चुपचाप कोने में नहीं खड़े रहेंगे।''

पटना आवास पर भोज का आयोजन बाद में रविवार शाम को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पटना स्थित अपने आवास पर एक भोज का आयोजन किया, जिसमें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ भाजपा नेता सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए मांझी ने कहा, ''ऐसी मुलाकातें हमें एनडीए के भीतर अच्छा समन्वय बनाए रखने में मदद करती हैं, जिसे आप पत्रकार शरारती अफवाह फैलाकर बिगाड़ने की कोशिश करते हैं।''

पहले भी कर चुके हैं मांग बता दें कि हाल ही में जीतन राम मांझी ने लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए अपनी पार्टी के 20 विधायकों की आवश्यकता जताई थी। मांझी ने हाल में धमकी भी दी थी कि अगर उनकी पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भीतर उचित स्थान नहीं मिला, तो वह केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वह अपने बयान से पलट गए।

महाकुंभ में स्नान कर धोए पाप फिर निकल गए चोरी करने

2 किलो चांदी और 35 ग्राम सोने के साथ पकड़ाए

किशनगंज, बिहार के किशनगंज में पुलिस ने पश्चिम बंगाल के तीन लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि तीनों युवक पहले प्रयागराज गए थे। यहां उन्होंने संगम में डुबकी लगाई और इसके बाद चोरी करने निकल गए। पहले यूपी के अलीगढ़ में कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद किशनगंज पहुंचकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।किशनगंज पुलिस ने चोरी की घटना के बाद महज छह दिन के अंदर चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। चोरी की घटना 25 जनवरी की रात हुई थी। आरोपियों ने टाऊन थाना क्षेत्र में रेलवे गोदाम के पास बंद पड़े घर में बड़ी चोरी की थी। यह घर संवेदक रामनाथ चौधरी का है।

कुंभ में नहाने के बाद बनाया चोरी का प्लान चोरी की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने विशेष टीम का गठन किया था। इस टीम में एसडीपीओ गौतम कुमार, थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन, अंकित सिंह, इरफान, रवि रंजन शामिल थे। जांच टीम ने फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत जुटाए और आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि आरोपियों ने पहले प्रयागराज कुंभ में स्नान किया, उसके बाद चोरी की योजना बनाई। तीनों चोर पहले अलीगढ़ गए, लेकिन वहां सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद ट्रेन से किशनगंज पहुंचे और संवेदक के घर पर चोरी की।

बंगाल के हैं तीनों आरोपी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीनों आरोपी बंगाल के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान बप्पी सिंह, अमित बाल्मीकि और नेपाल कर्मकार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 2 किलो 418 ग्राम चांदी, 35.52 ग्राम सोना, चार मोबाइल फोन, एक पल्सर बाइक, 1 लाख 28 हजार नकदी बरामद की है।

नीतीश कुमार ने दी बधाई

पटना के मरीन ड्राइव पर होगा पतंग उत्सव

बसंत पंचमी के मौके पर आज (सोमवार) पटना के दीघा घाट स्थित मरीन ड्राइव पर पतंग उत्सव मनाया जा रहा है. पटना नगर निगम द्वारा दीघा घाट पर पतंग उत्सव का आयोजन आज (03 फरवरी) और कल (04 फरवरी) होगा. ये उत्सव पटनावासियों को स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया जा रहा है. आज पटना के आसमान में पतंग ही पतंग दिखने वाले हैं. गंगा किनारे पतंग उड़ाने के शौकीन अपनी कौशल का प्रदर्शन करते दिखाई देंगे.

गुजरात के तर्ज पर पतंग उत्सव का आयोजन वैसे तो पटना नगर निगम समय-समय पर जारूकता अभियान चलाता रहता है लेकिन इस बार का पतंगोत्सव कई मायनों में खास है. इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन करेंगे. बीजेपी कोटे से मंत्री नितिन नवीन द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन होना इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि एक फरवरी 2025 को केंद्रीय बजट में बिहार को केंद्र सरकार ने खुश कर दिया है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरात के तर्ज पर पतंग उत्सव का आयोजन करके बिहार धन्यवाद कर रहा है.नगर निगम की ओर से पटना शहर को बेहतर बनाने और राजधानी को साफ रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. वहीं निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए नगर निगम निरंतर सफाई एवं सौदर्याकरण पर ध्यान दे रहा है.

***CM* नीतीश ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं** बसंत पंचमी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शुभकामनाएं दी है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन पर बसंत पंचमी तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा आराधना करते हैं. आप सभी पारस्परिक सौहार्द्र के साथ बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के पर्व को मनाएं. मेरी कामना है कि यह पर्व राज्य में सुख, शांति और समृद्धि लाए तथा हर ओर ज्ञान का प्रकाश फैले.

मधेपुरा में इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर 8 शिक्षकों पर गिरी गाज

24 परीक्षार्थी भी निष्कासित, सामने आई बड़ी वजह

पटना, बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा एक फरवरी से शुरू हो चुकी है. 15 फरवरी तक परीक्षा चलने वाली है. इससे पहले शनिवार को हुई परीक्षा के दौरान कई जगहों से कदाचार की खबरें आई. इस पर बड़ा एक्शन लिया गया है. मधेपुरा के डीएम तरनजोत सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन ही कदाचार करने वाले 24 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया है. साथ ही आठ शिक्षकों को निलंबित भी कर दिया है.

क्या है निलंबन का कारण? मधेपुरा के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की तरफ से एक फरवरी को हुई परीक्षा को लेकर 8 शिक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है. इन शिक्षकों को निलंबित करने की मुख्य वजह कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उच्च अधिकारी के आदेश की अवहेलना बताई गई है. वहीं छात्रों के कदाचार करने में भी इनपर संलिप्तता का आरोप लगा है. इसमें परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 के तहत सुसंगत धारा के अंतर्गत इन शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है.

ये आठ शिक्षक हुए निलंबित जिन आठ शिक्षकों को निलंबित किया गया है वे सभी मधेपुरा जिले के स्कूलों के शिक्षक हैं. इनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय जीतापुर मुरलीगंज के ओमप्रकाश कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तरैया सिंहेश्वर के मनीष कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोपेती मधेपुरा के रणवीर कुमार और उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरबल्ला मधेपुरा के कुंदन कुमार को निलंबित किया गया है. इसके अलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय राम नगर महेश कुमारखंड के संजीव कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरकाहा-1 शंकरपुर के शिवकुमार, मध्य विद्यालय परमानंदपुर मुरलीगंज के राकेश कुमार और उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंगीयौन सिंहेश्वर के इजहार आलम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है.

सभी निलंबित शिक्षकों के लिए संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आदेश दिया गया है कि निलंबन में अपने मुख्यालय में योगदान के लिए विरमित करते हुए इसकी सूचना देंगे. इसके साथ ही इन लोगों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर अनुपस्थित विवरण निर्गत करेंगे.

बता दें कि 2017 बैच के आईएएस अधिकारी चरनजोत सिंह मधेपुरा के डीएम के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा के मुख्य जिला परीक्षा नियंत्रक भी हैं. उन्होंने शनिवार को मधेपुरा के एसपी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ कई परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया था. प्रथम पाली में वे अनुग्रह उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखासन, चकला, मधेपुरा एवं आरपीएम इंटर कॉलेज तूनियाही परीक्षा केंद्र पर जांच करने के लिए पहुंचे थे. इसी क्रम में 24 परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया है.

ठंड अभी बाकी है! बिहार में फिर मौसम बढ़ाएगा लोगों की परेशानी

IMD ने जारी किया यलो अलर्ट

मधुबनी, मधुबनी में एक शख्स बेरहमी से पिटाई मामले में बिहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मधुबनी एसपी योगेंद्र कुमार ने बेनीपट्टी थाने के थानेदार और प्रशिक्षु डीएसपी गौरव गुप्ता को हटा दिया है। उन्होंने थाने में तैनात कई अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया है। इनमें एएसआई मुकेश कुमार, हवलदार रणजीत कुमार, सिपाही बिक्रम कुमार, चौकीदार सुरदीप मंडल, चौकीदार सुरेश पासवान शामिल हैं। इन लोगों पर आरोप है कि फिरोज नाम के शख्स पर बेरहमी से पिटाई का आरोप है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। सात फरवरी के बाद से तापमान में गिरावट के आसार है।मौसम विभाग के अनुसार, बीते एक सप्ताह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से दिन में लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है। सुबह और शाम हल्की ठंड का प्रभाव है।अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक एवं वर्षा सामान्य से कम होने से फरवरी में गर्मी का एहसास होने लगेगा।मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, तीन व आठ फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है।हालांकि, भीषण ठंड वाली स्थिति नहीं रहेगी। तराई वाले भागों में घना कोहरा रहेगा, जबकि पटना समेत दक्षिणी भागों में धूप निकलने से मौसम सामान्य बना रहेगा। राज्य के अधिसंख्य भागों में बादलों की आवाजाही रहने की संभावना है।

प्रमुख शहरों का तापमान

शहर	अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस में)	न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस में)
पटना	28.4	15.6
गया	28.5	14.0
भागलपुर	27.5	12.8
मुजफ्फरपुर	26.0	13.4

5 साल में जनवरी सबसे गर्म प्रदेश में बीते पांच वर्षों के दौरान इस बार जनवरी सबसे गर्म रहा। पटना सहित प्रदेश के अधिकतर शहरों का न्यूनतम तापमान पिछले चार वर्षों के मुकाबले इस वर्ष दो डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा। पश्चिमी विक्षोभ की मजबूत स्थिति नहीं बनने के कारण शीत दिवस व शीतलहर के दिनों की संख्या में कमी आई है।अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने की वजह से फरवरी महीने की शुरुआत के साथ ही लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है।हालांकि, सुबह और शाम हल्की ठंड का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक, वर्षा सामान्य से कम होने के कारण फरवरी में लोगों को गर्मी का अहसास होने लगेगा।

कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के बेटे ने की आत्महत्या

कमरे में लगाई फांसी

पटना, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के बेटे आयान जाहिद खान ने आत्महत्या कर ली है. बताया जा रहा है कि कमरे में फांसी लगाकर बेटे ने जान दी है. सुसाइड का कारण अब तक सामने नहीं आया है. इस घटना के बाद से पूरा परिवार मर्माहत है. आयान की उम्र 17-18 साल के आसपास बताई जा रही है.

पटना स्थित सरकारी आवास में मिला है शव बताया जा रहा है कि पटना स्थित शकील अहमद खान के सरकारी आवास से बेटे का शव मिला है. रात में बेटा कमरे में अकेले सोया था. सुबह नहीं उठने पर चेक किया गया. लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो उसका शव लटका हुआ था. आयान शकील अहमद खान का इकलौता पुत्र था. दो बच्चों में अब बस एक बेटी बची है.

जांच के लिए मौके पर बुलाई गई एफएसएल टीम बता दें कि सचिवालय थाना क्षेत्र में शकील अहमद खान का सरकारी आवास है. घटना के सामने आने के बाद पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. एफएसएल की टीम को बुलाया गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. पूरी घटना सचिवालय थाना क्षेत्र की है.

शकील अहमद खान के बारे में बताएं तो उनकी पहचान साफ और स्वच्छ छवि के नेता के रूप में रही है. वह मूल रूप से कटिहार जिले के कबर कोठी गांव के रहने वाले हैं. उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से स्नातक तक पढ़ाई की. दिल्ली के जेएनयू से उन्होंने एमए, एमफिल और पीएचडी की डिग्री ली है. पढ़ाई खत्म करने के बाद वह 1999 में वे कांग्रेस में शामिल हुए और कई पदों पर रहे.

2015 में पहली बार विधायक बने थे शकील अहमद गौरतलब हो कि शकील अहमद खान कांग्रेस पार्टी से कटिहार के कदवा विधानसभा क्षेत्र से 2015 में पहली बार चुनाव लड़े और जीत कर विधायक बने थे. दूसरी बार 2020 में भी कांग्रेस पार्टी ने उन्हें मौका दिया और वे फिर जीते. इसके बाद पार्टी ने उन्हें विधायक दल के नेता के रूप में चुना है. बता दें कि बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं.